NEWS CLIPPING: 20.03.2017

HINDUSTAN

वाईएमसीए में 24 मार्च से तीन दिवसीय फेस्ट का आयोजन किया जाएगा, एक दर्जन से अधिक कॉलेज के छात्र लेंगे हिस्सा

फेस्ट में बाजी मारने को दिन-रात पसीना बहा रहे कलाकार

कलमायका

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में 24 मार्च से तीन दिवसीय 'फेस्ट कालमायका 2017' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बेहतर प्रदर्शन के लिए सांस्कृतिक ग्रुप ने अभ्यास शुरू कर दिया है।

इसमें दिल्ली, एनसीआर और प्रदेश के विभिन्न जिलों से एक दर्जन से अधिक कॉलेज के ढाई हजार से अधिक छात्र-छात्राएं भाग लेंगी। इसमें तकनीकी और सांस्कृतिक ग्रुप में छात्र-छात्राएं धमाल मचाएंगी।

विश्वविद्यालय परिसर में 24 से 26 मार्च तक फेस्ट आयोजित की जा रही है। इसमें करीब 8-10 क्लबों को तैयार किया जाएगा, जो विभिन्न नामों से जाने जाएंगी। ये सभी मॉडल प्रस्तुत करेंगी। उन्हें दो श्रेणी में बांटा गया है। प्रथम श्रेणी तकनीकी और दूसरी सांस्कृतिक ग्रुप की बनाई गई है। फेस्ट के दौरान तकनीकी टीम को विभिन्न नामों से जाना जाएगा। तकनीकी ग्रुप के छात्रों ने रोबोट, पानी में चलने वाली जहाज सहित कई मॉडल किए हैं। जिसे शुक्रवार को प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरान छात्र रिमोड से नियंत्रित होने वाले रोबोट, हवाई जहाज सहित कई अन्य मॉडल तैयार किए गए हैं।

फेस्ट में बेहतर प्रदर्शन के लिए सांस्कृतिक ग्रुप ने अभ्यास शुरू किया। • हिन्दुस्तान

दो सौ छात्र लेंगे भाग : सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेज के करीब 200 विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इसमें वाद विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा सकता है।

निजी कंपनियों की मदद

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निजी कंपनियों का सहयोग लिया जाता है। विश्व विद्यालय की ओर से भी कुछ वितीय सहायता दी जाती है। लेकिन छात्र अपने स्तर से पैसे का इंतजाम करते हैं।

शुक्रवार से फेस्ट आयोजित की जा रही है। इसकी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। तीन दिनों तक यहां कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

–सोनिया बंसल, वरिष्ठ प्रोफेसर